# विद्यार्थियों ने किया ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण

## 56 टीबी रोगियों को दी गई 4 किलोग्राम की पोषण पोटली



सीएसए में गुजरात स्थापना दिवस पर रैली निकालते छात्र।

कानपुर, 1 मई। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में राज्यपाल के निर्देश जारी दिशा-निर्देश एवं कुलपति डॉ संजीव गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में आज गुजरात दिवस पर कई कार्यक्रम हुए। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में छात्राओं ने गरबा नृत्य किया। सात ग्रुप डांस एवं एक सोलो डांस भी हुए। शुक्रवार को शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों की अगुवाई में विवि के मुख्य भवन से कम्पनी बाग चौराहे तक दो किलोमीटर की पदयात्रा निकाली, जिसमें दो सौ से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुई। इसी के साथ ही बिठूर गंगाघाट पर स्थित मंदिरों तथा नानाराव पार्क आदि ऐतिहासिक स्थलों में विद्यार्थियों का भ्रमण कराया गया जिसमें लगभग 300 छात्र-छात्राओं के साथ विश्वविद्यालय के 31 शिक्षकों ने भाग लिया। मन्दिरों एवं पार्क स्थलों के भ्रमण कार्यक्रम डॉ0 रितु पाण्डेय, डॉ0 राजीव कुमार, डॉ0 मनोज कटियार एवं टीचिंग ऐसोसिएट्स की देखरेख में आयोजित किये गये। इसी श्रृंखला के अन्तर्गत डॉ0 रामजी गुप्ता, विभागाध्यक्ष, पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग एवं डा0 अरूण कुमार द्वारा 42 छात्र-छात्राओं को कानपुर की प्रमुख पराग डेयरी का भ्रमण कराया गया। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गाँव-अनूपपुर में स्वच्छता एवं सफाई कार्यक्रम निदेशक प्रसार द्वारा के0वी0के0, दलीपनगर के समस्त स्टाफ के साथ आयोजित किया गया। इस सफाई कार्यक्रम में अनूपपुर गाँव के महिला/पुरुषों ने भाग लिया। डॉ0 सीमा सोनकर, डॉ0 रश्मि सिंह, शिवानी चौधरी एवं प्रज्ञा मिश्रा शिक्षिकाओं के सहयोग से मुरारी लाल चेस्ट चिकित्सालय के 56 टी0बी0 रोगियों को एस0टी0एस0 डॉ0 अमित सक्सेना के परामर्श से टी0बी0 पोषण पोटली वितरण आयोजित किया गया। लगभग 4 किग्रा0 की तैयार पोषण पोटली में प्रोटीन एवं इम्यूनिटि को बढ़ाने वाले पोषक तत्वों को शामिल किया गया। विभिन्न कार्यक्रम डॉ0 संघमित्रा महापात्रा, डॉ0 एकता सिंह, डॉ0 अर्चना सिंह एवं डॉ0 संगीता गुप्ता की ओर से आयोजित किया गया। इस दौरान अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ मुकेश श्रीवास्तव,अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ कौशल कुमार की ओर से गुजरात स्थापना दिवस के अवसर पर एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत शानदार कार्यक्रम आयोजित किये गये।

कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित वर्ष : 17 अंक : 296 कानपुर, शनिवार 02 मई 2026 नगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य : 2.00 रुपए

राष्ट्रीय स्वरूप

ब्लॉक्स ने रूड को चौंकाया, टीनेजर एंड्रीवा मैड्रिड ओपन के फ़ाइनल में 10

# गुजरात स्थापना दिवस पर निकाली पदयात्रा, चलाया गया स्वच्छता अभियान

कानपुर। सीएसए में प्रदेश की राज्यपाल/कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल द्वारा जारी दिशा-निर्देश एवं कुलपति डॉ संजीव गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ मुकेश श्रीवास्तव,अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ कौशल कुमार, निदेशक प्रसार डॉ विवेक कुमार त्रिपाठी,सह-अधिष्ठाता छात्र कल्याण (पुरूष एवं महिला) तथा विभागाध्यक्ष, मृदा एवं कृषि रसायन द्वारा %गुजरात स्थापना दिवस% के अवसर पर एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत शानदार कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय के मुख्य भवन से कम्पनी बाग चौराहे तक 02 किमी0 की पद यात्रा निकाली गयी। जिसमें 200 से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसी के साथ ही बिठूर गंगाघाट पर स्थित मंदिरों तथा नानाराव पार्क आदि ऐतिहासिक स्थलों में विद्यार्थियों का भ्रमण कराया गया जिसमें



लगभग 300 छात्र-छात्राओं के साथ विश्वविद्यालय के 31 शिक्षकों ने भाग लिया। मन्दिरों एवं पार्क स्थलों के भ्रमण कार्यक्रम डॉ0 रितु पाण्डेय, डॉ0 राजीव कुमार, डॉ0 मनोज कटियार एवं टीचिंग ऐसोसिएट्स की देखरेख में आयोजित किये गये। इसी श्रृंखला के अन्तर्गत डॉ0 रामजी गुप्ता, विभागाध्यक्षा, पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग एवं डा0 अरूण कुमार द्वारा 42 छात्र-छात्राओं को कानपुर की प्रमुख पराग डेयरी का भ्रमण कराया गया। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गाँव-अनूपपुर में स्वच्छता एवं सफाई कार्यक्रम निदेशक प्रसार द्वारा के0वी0के0, दलीपनगर के समस्त स्टाफ के साथ आयोजित किया गया। इस सफाई कार्यक्रम में अनूपपुर गाँव के महिला/पुरुषों ने भाग लिया।विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा डॉ0 सीमा सोनकर तथा डॉ0 रश्मि सिंह द्वारा शिवानी चौधरी एवं प्रज्ञा मिश्रा शिक्षिकाओं के सहयोग से मुरारी लाल चेस्ट चिकित्सालय के 56 टी0बी0 रोगियों को एस0टी0एस0 डॉ0 अमित सक्सेना के परामर्श से टी0बी0 पोषण पोटली वितरण आयोजित किया गया। लगभग 04 किग्रा0 की तैयार पोषण पोटली में प्रोटीन एवं इम्यूनिटि को बढ़ाने वाले पोषक तत्वों को शामिल किया गया। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं द्वारा गरबा/रास/नृत्य कार्यक्रम डॉ0 संघमित्रा महापात्रा, डॉ0 एकता सिंह, डॉ0 अर्चना सिंह एवं डॉ0 संगीता गुप्ता द्वारा आयोजित किया गया जिसके अन्तर्गत 07 ग्रुप डांस एवं 01 सोलो डांस का आयोजन किया गया जिसमें 64 छात्राओं ने भाग लिया।

# सीएसए में गुजरात स्थापना दिवस पर निकाली पदयात्रा, चलाया स्वच्छता अभियान




संवाददाता/ डीटीएनएन

कानपुर। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल द्वारा जारी दिशा-निर्देश एवं कुलपति डॉ संजीव गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में अधिष्ठाता छात्र कल्याण, अधिष्ठाता कृषि संकाय, निदेशक प्रसार, सह-अधिष्ठाता छात्र कल्याण (पुरुष एवं महिला) तथा विभागाध्यक्ष, मृदा एवं कृषि रसायन द्वारा %गुजरात स्थापना दिवस% के अवसर पर एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत शानदार कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय के मुख्य भवन से कम्पनी बाग चौराहे तक दो किमी की पद यात्रा निकाली गयी। जिसमें 200 से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसी के साथ ही बिठूर गंगाघाट पर स्थित मंदिरों तथा नानाराव पार्क आदि ऐतिहासिक स्थलों में विद्यार्थियों का भ्रमण कराया गया। जिसमें लगभग 300 छात्र-छात्राओं के साथ विश्वविद्यालय के 31




शिक्षकों ने भाग लिया। मन्दिरों एवं पार्क स्थलों के भ्रमण कार्यक्रम डॉ रितु पाण्डेय, डॉ राजीव कुमार, डॉ मनोज कटियार एवं टीचिंग ऐसोसिएट्स की देखरेख में आयोजित किये गये। इसी श्रृंखला के अन्तर्गत डॉ रामजी गुप्ता, विभागाध्यक्ष पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग व डा अरुण कुमार द्वारा 42 छात्र-छात्राओं को कानपुर की प्रमुख पराग डेयरी का भ्रमण कराया गया। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गाँव-अनूपपुर में स्वच्छता एवं सफाई कार्यक्रम निदेशक प्रसार द्वारा केवीके दलीपनगर के समस्त स्टाफ के साथ आयोजित किया गया। इस सफाई कार्यक्रम में अनूपपुर गाँव के महिला व पुरुषों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा डॉ सीमा सोनकर तथा डॉ रश्मि सिंह द्वारा शिवानी चौधरी एवं प्रज्ञा मिश्रा शिक्षिकाओं के सहयोग से मुरारी लाल चेस्ट चिकित्सालय के 56 टीबी रोगियों को एसटीएस डॉ अमित सक्सेना के परामर्श से टीबी पोषण पोटली वितरण आयोजित किया गया। लगभग चार किग्रा की तैयार पोषण पोटली में प्रोटीन एवं इम्यूनिटि को बढ़ाने वाले पोषक तत्वों को शामिल किया गया। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं द्वारा गरबा, रास, नृत्य कार्यक्रम डॉ संघमित्रा महापात्रा, डॉ एकता सिंह, डॉ अर्चना सिंह एवं डॉ संगीता गुप्ता द्वारा आयोजित किया गया जिसके अन्तर्गत सात ग्रुप डांस एवं एक सोलो डांस का आयोजन किया गया जिसमें 64 छात्राओं ने भाग लिया।

WORLD खबर एक्सप्रेस

पेज 07



मजदूर दिवसः विदेशी और भारतीय मजदूर–दो दुनिया, एक जैसा संघर्ष

s.media | www.worldkhabarexpress.com | Daily Evening E-Paper | शुक्रवार 01 मई, 2026, अंक : 904

पर काबू पा लिया। आग की फैलन रखा सामान जलकर खाक हो गया, की जा रही है। काबिन काटकर उस बाहर परेशानी का सामना करना पड़ा।

# सीएसए में गुजरात स्थापना दिवस पर पदयात्रा, स्वच्छता अभियान और सांस्कृतिक कार्यक्रम

वर्ल्ड खबर एक्सप्रेस

कानपुर स्थित चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गुजरात स्थापना दिवस के अवसर पर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत विभिन्न आयोजन किए गए। कार्यक्रम राज्यपाल/कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के दिशा-निर्देश एवं कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



इस मौके पर विश्वविद्यालय के मुख्य भवन से कम्पनी बाग चौराहे तक करीब 2 किमी की पदयात्रा निकाली गई, जिसमें 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को बिठूर गंगाघाट, मंदिरों और नानाराव पार्क जैसे ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया, जिसमें करीब 300 छात्र-छात्राएं और 31 शिक्षक शामिल रहे।

कार्यक्रम के अंतर्गत पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग द्वारा छात्रों को पराग डेयरी का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया। वहीं, विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए अनूपपुर गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों ने भी सहभागिता की। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की ओर से मुरारी लाल चेस्ट चिकित्सालय में टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गई। इस दौरान मरीजों को प्रोटीन व इम्यूनिटी बढ़ाने वाले पोषक तत्वों से युक्त किट दी गई।

इसके अलावा छात्राओं द्वारा गरबा, रास और नृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें 7 समूह नृत्य और 1 एकल प्रस्तुति दी गई। कुल 64 छात्राओं ने इसमें भाग लिया।

Times Of India 02/05/2026

and Rajendra Kumar. Mean- jesh Kumar and other dis-

# Padyatra, cleanliness drive mark Guj Foundation Day at CSAUAT

**Kanpur:** Programmes were organised under 'Ek Bharat Shreshtha Bharat' at CSA University of Agriculture and Technology on the occasion of Gujarat Sthapana Divas, following guidelines issued by governor-chancellor Anandiben Patel and under the guidance of vice-chancellor Sanjeev Gupta.


A two km padyatra was organised from the university's main building to Company Bagh Chauraha. More than 200 students participated. They also visited temples at Bithoor Gangaghat and historical sites. A cleanliness and sanitation programme was also organised in the university's adopted village, Anuppur. The university's Community Science College distributed TB Poshan Potli among 56 patients at Murari Lal Chest Hospital. The event concluded with a Garba, Raas and dance programme. TNN

दैनिक जागरण 02/05/2026

## पदयात्रा निकाल दिया स्वच्छता का संदेश

**कानपुर** : सीएसए कृषि विश्वविद्यालय में मृदा एवं कृषि रसायन की ओर से गुजरात स्थापना दिवस पर एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत कार्यक्रम हुए। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के मुख्य भवन से कंपनी बाग चौराहे तक पदयात्रा निकाल कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसमें 200 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल रहीं। करीब 300 विद्यार्थियों व 31 शिक्षकों ने बिठूर के गंगा घाट पर स्थित मंदिरों व नानाराव पार्क आदि ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। जासं

प्रदर्शन क
प्रदान किय
से थिएटर
रिकार्डिंग,
जाएंगे। इ
करियर ब
एमपीए,
कथक कोर
इस सत्र
वायलिन
पाठ्यक्रमों
साथ ही
इंजीनियरिंग
भी उपलब
में संचालि
के लिए 1
है। यह पाठ
इसकी फीस
गायन में 2



हिंदुस्तान 02/05/2026

## सीएसए में छात्र-छात्राओं ने निकाली पदयात्रा

सीएसए विवि में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डीएसडब्ल्यू डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, डीन कृषि डॉ. कौशल कुमार, निदेशक प्रसार डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी ने किया। 200 से अधिक छात्र–छात्राओं ने विवि के मुख्य भवन से कंपनी बाग चौराहे तक दो किमी की पदयात्रा निकाली। साथ ही, बिठूर गंगाघाट पर स्थित मंदिरों तथा नानाराव पार्क आदि ऐतिहासिक स्थलों में छात्रों ने भ्रमण किया। जिसमें विवि के 31 शिक्षक और 300 छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया।